**Media Release**

तुरंत रिलीज के लिए

# सिटी ऑफ ब्रैम्पटन, फायर  प्रीवेंशन  वीक मना रही है

ब्रैम्पटन, ओनटैरियो (5 अक्तूबर, 2023) – 7 से 14 अक्तूबर तक, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन और ब्रैम्पटन फायर एंड एमरजेंसी सर्विसिज (Brampton Fire and Emergency Services), नैशनल फायर प्रोटेक्शन एसोसिएशन® (एन.एफ.पी.ए.®) (National Fire Protection Association®) (NFPA®) — जो फायर  प्रीवेंशन  वीक (Fire Prevention Week) मनाने के लिए फायर प्रीवेंशन वीकTM (Fire Prevention WeekTM) की आधिकारिक प्रायोजक (स्पांसर) है, के साथ इकट्ठे मिलकर काम कर रहे हैं, ताकि कम्युनिटी को आग से सुरक्षित रहने और इसकी तैयारी करने में जानकारी देने में मदद की जा सके।

इस वर्ष का विषय है, *भोजन पकाने संबंधी सुरक्षा आपके साथ शुरू होती है। आग की रोकथाम पर ध्यान दें।* एनब्रिज गैस (Enbridge Gas) के द्वारा प्रायोजित, यह अभियान, हर किसी आसान परंतु ऐसी महत्वपूर्ण कार्रवाईयों के बारे में जानकारी देने के लिए काम करता है, जो वे भोजन पकाते समय खुद को और अपने आसपास के लोगों को सुरक्षित रखने में मदद कर सकते हैं।

**रसोई में सुरक्षित रहने के लिए सुझाव**

- जो भी आप गर्म करें, उसकी निगरानी रखें। जो भी आप पका रहे हैं, हमेशा उस पर नजर रखें। एक टाइमर सेट करें, जो आपको याद दिला सके कि आप भोजन पका रहे हैं।
- बर्तन के हैंडल्स को स्टोव के पीछे करके रखें। भोजन पकाते समय ढक्कन को हमेशा पास में रखें। यदि तेल बहुत ज्यादा गर्म होने से थोड़ी-सी आग शुरू हो जाए, तो पैन के ढक्कन को सरकाएं और बर्नर बंद कर दें।
- स्टोव या ग्रिल के आसपास या उस  जगह  पर, कम से कम 3 फुट (1 मीटर) का “बच्चों और पालतू जानवरों  के  न  आने  का वाला  क्षेत्र” बनाएं,  जहां गर्म भोजन या ड्रिंक तैयार की जाती है या लाई जाती है।

आग लगने पर तुरंत 9-1-1 पर फोन करें! बाहर निकल जाएं और बाहर ही रहें!

फायर  प्रीवेंशन  वीक मनाने के लिए, ब्रैम्पटन फायर एंड एमरजेंसी सर्विसिज, फायर स्टेशनों में ओपन हाउस आयोजित करेगा और पूरे शहर में फायर सेफ्टी डिस्पले की मेजबानी करेगा।

**कार्यक्रम और पॉप-अप्स**

**क्या:** फायर सेफ्टी डिस्पले (Fire Safety Display)

**तारीख:** 7 अक्तूबर

**समय:** सुबह 7:30 बजे से दोपहर बाद 2:00 बजे तक

**कहां:** फार्मर्स मार्किट (Farmers Market), गेज पार्क (Gage Park)

**क्या:** फायर सेफ्टी डिस्पले

**तारीख:** 7 अक्तूबर

**समय:** सुबह 9:00 बजे से दोपहर बाद 1:00 बजे तक

**कहां:** Lowe's Home Improvement North, 10111 Heart Lake Road

**क्या:** फायर सेफ्टी डिस्पले

**तारीख:** 7 अक्तूबर

**समय:** सुबह 9:00 बजे से दोपहर बाद 1:00 बजे तक

**कहां:** Lowe's Home Improvement South, 370 Kennedy Rd S

**क्या:** स्टेशन 213 ओपन हाउस (Station 213 Open House)

**कब:** 10 अक्तूबर

**समय:** दोपहर बाद 3:30 बजे से शाम 7:00 बजे तक

**कहां:** Station 213 Open House, 4075 Ebenezer Rd

**क्या:** स्टेशन 205 ओपन हाउस

**कब:** 11 अक्तूबर

**समय:** दोपहर बाद 3:30 बजे से शाम 7:00 बजे तक

**कहां**: Station 205 Open House, 95 Sandalwood Pkwy

**क्या:** स्टेशन 205 ओपन हाउस

**कब:** 12 अक्तूबर, 2023

**समय:** दोपहर बाद 3:30 बजे से शाम 7:00 बजे तक

**कहां:** Station 204 Open House, 657 Queen St

**क्या:** फायर सेफ्टी डिस्पले

**तारीख:** 14 अक्तूबर, 2023

**समय:** सुबह 10:00 बजे से दोपहर बाद 2:00 बजे तक

**कहां:** Bramalea City Centre, Lower level near Old Navy

फायर प्रीवेंशन वीक और भोजन पकाने संबंधी सुरक्षा के बारे में अधिक सामान्य जानकारी के लिए, www.bramptonfire.com और www.fpw.org पर जाएं। बच्चों के लिए आग से सुरक्षा की मजेदार गतिविधियों के लिए, sparky.org पर जाएं।

**हवाले**

"इस वर्ष के आग के सुरक्षा सप्ताह का विषय, हम सभी के लिए एक महत्वपूर्ण रिमाइंडर है, जब भोजन पकाते समय सुरक्षित रहने की बात आती है। दुर्घटनाएं बहुत जल्दी हो सकती हैं और रसोई में तैयार और सुरक्षित रहना महत्वपूर्ण है। मैं निवासियों को सलाह देता हूं कि बाहर निकलें और ब्रैम्पटन फायर एंड एमरजेंसी सर्विसिज के बारे में और फायर प्रीवेंशन वीक मनाने के लिए, 7 से 14 अक्तूबर तक हमारी कम्युनिटी में होने वाले कार्यक्रमों में से एक में आग से सुरक्षा के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करता हूं।"

- *पैट्रिक ब्राउन (Patrick Brown), मेयर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

“आग से सुरक्षा, एक बहुत ही महत्वपूर्ण विषय है और यह सुनिश्चित करना बेहद जरूरी है कि निवासी अपने घरों में सुरक्षित हैं। मैं सभी निवासियों को सलाह देती हूं कि वे फायर प्रीवेंशन वीक के दौरान, सुनिश्चित बनाएं कि उनके घर आग से सुरक्षित हैं। यह सुनिश्चित बनाएं कि घर में हर किसी को रसोई के नियमों के बारे में पता है, जिंदगियां बचा सकता है। मैं, कम्युनिटी में होने वाले कार्यक्रमों में निवासियों को मिलने के लिए उत्साहित हूं और ब्रैम्पटन फायर एंड एमरजेंसी सर्विसिज के शानदार काम के लिए उनका धन्यवाद करती हूं, जो वे हमारी कम्युनिटी को सुरक्षित रखने के लिए करते हैं।”

- *रोएना सैन्टोस (Rowena Santos), रीजनल काउंसलर, वार्ड्स 1 और 5; चेयर, कम्युनिटी सर्विसिज, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

“फायर प्रीवेंशन वीक, लोगों के लिए यह सुनिश्चित करने का शानदार समय है कि उनके घर आग से सुरक्षित हैं और यह कि उनके पास आग लगने की स्थिति में बचकर निकलने की योजना है। रसोई में लगने वाली आग से होने वाली घटनाओं, घरों में आग लगने का मुख्य कारण हैं और बहुत जल्दी हो सकती हैं। भोजन पकाते समय रसोई में कुछ नियमों को अपनाकर, निवासी खुद को और अपने प्रियजनों को सुरक्षित रखने में मदद कर सकते हैं।”

- *एंड्रयु वॉन हॉट (Andrew von Holt), एक्टिंग फायर चीफ, ब्रैम्पटन फायर एंड एमरजेंसी सर्विसिज*

-30-

**कैनेडा में सबसे अधिक तेजी से बढ़ने वाले शहरों में से एक के तौर पर, ब्रैम्पटन 70,000 लोगों और 90,000 से अधिक कारोबारियों का घर है।** हम जो भी करते हैं, लोगों को ध्यान में रखते हुए करते हैं। हम अपने विविध समुदायों से उत्साहित होते हैं, हम निवेश को आकर्षित करते हैं और हम तकनीक और वातावरण संबंधी नवीनता को आगे बढ़ाने के सफर पर हैं। हम एक ऐसा स्वस्थ शहर बनाने में प्रगति के लिए सहभागिता करते हैं, जो सुरक्षित, स्थिर व सफल हो। हमारे साथ Twitter, Facebook, और Instagram पर जुड़ें। www.brampton.ca पर और जानें।

**मीडिया संपर्क**
सिटी ऑफ ब्रैम्पटन मल्टीकल्चरल मीडिया
multiculturalmedia@brampton.ca